**<u>लोकसभा</u>**

**तारांकित प्रश्न संख्या *103**

**10 फरवरी, 2020 को उत्तर के लिए**

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में वित्तीय लेन-देन**

***103. श्री सुशील कुमार सिंहः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) के द्वारा अधिशेष धनराशि के निवेश के संबंध में लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिनांक 8.5.2017 के व्यापक दिशानिर्देशों के लागू होने से पूर्व, आरक्षित निधियों, अधिशेष निधियों, नकद धनराशि तथा बैंक निधियों को एक बैंक से दूसरे बैंक में अंतरित करने/उपयोग करने के संबंध में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के वित्त विभाग की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये कोई तंत्र विद्यमान था;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2011 तथा 2017 के मध्य ऐसे दिशानिर्देशों का ब्यौरा क्या है;

(ग) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा ऐसी निधियों के एक बैंक से दूसरे बैंक में अंतरण का वर्ष 2011 से मामले-वार अलग-अलग ब्यौरा क्या है;

(घ) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के किसी बैंक से निजी क्षेत्र के बैंक में निधियों को अंतरित किये जाने के मामलों का प्रत्येक मामले सहित ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या निधियों के अन्यत्र उपयोग के लिये उनको भिन्न-भिन्न बैंकों में अदला-बदली हेतु अंतरित करने के संबंध में लेखा-परीक्षा संबंधी कोई आपत्ति की गई है अथवा किसी अधिकारी के विरुद्ध कोई आंतरिक जांच की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में वित्तीय लेन-देन" के बारे में श्री सुशील कुमार सिंह, संसद सदस्य द्वारा पूछा गया व दिनांक 10 फरवरी, 2020 को उत्तर के लिए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *103 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): जी, हाँ। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने सूचित किया है कि वह "केन्द्रीय सरकारी उद्यमों द्वारा अधिशेष निधि के निवेश" के संबंध में लोक उद्यम विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए ऐसे सभी मार्ग निदेशों/संशोधनों/स्पष्टीकरणों का अनुपालन करती रही है। ऐसा प्रथम दिशानिर्देश लोक उद्यम विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. डीपीई/14(19)/90-वित्त, दिनांक 03.01.1992 के माध्यम से जारी किया गया था और तत्पश्चात् लोक उद्यम विभाग ने दिनांक 08 मई, 2017 के कार्यालय ज्ञापन सं. 18(1)/2012-वित्त के माध्यम से निर्धारित विद्यमान दिशानिर्देशों के साथ-साथ समय-समय पर कुछेक संशोधन/स्पष्टीकरण जारी किए। इसके अतिरिक्त, सेल के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति/क्रियाविधि के अनुसार अधिशेष कोष का निवेश सहभागी बैंकों द्वारा प्रस्तावित सर्वाधिक ब्याज दरों पर किया गया था। बकाया जमा राशि की स्थिति के संबंध में भी सेल के बोर्ड को नियमित रूप से बताया गया।

(ग) और (घ): सेल ने वित्तीय लेन-देन से संबंधित अपना कार्य भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की दूसरी अनुसूची में सूचीबद्ध अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के साथ ही किया। सेल ने अपनी सभी धनराशि प्राप्त करने और भुगतान करने का कार्य स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से किया। अतः जब भी निवेश हेतु कोष का अंतरण किया गया तो वह एसबीआई के माध्यम से किया गया। वित्त वर्ष 2011-12 से 2014-15 के दौरान किए गए ऐसे अंतरणों का मामलावार ब्योरा अनुलग्नक-। क से । घ में दिया गया है।

सेल द्वारा पिछली बार निवेश मार्च, 2015 में किया गया था जो मार्च, 2016 में परिपक्व मैच्योर हुआ। उसके बाद सेल के पास निवेश हेतु ऐसा कोई अधिशेष कोष नहीं था।

(ङ) सेल ने यह भी सूचित किया है कि लेखा परीक्षा (सीएजी/सांविधिक लेखा परीक्षक) में कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई है, इसलिए अधिकारियों द्वारा अलग-अलग बैंकों में राशि जमा कराए जाने पर हरजाना (क्विड प्रो क्यूओ) दिए जाने के संबंध में कोई आंतरिक जांच नहीं की गई।

******

**अनुलग्नक-Iक**

**वर्ष 2011-12 के दौरान बैंकों के पास पड़े अधिशेष नकद जमा**

| क्र सं. | बैंक का नाम | जमा की तारीख | राशि करोड़ रू. |
|---|---|---|---|
| | **सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक** | | |
| 1 | आईडीबीआई बैंक | 27.05.2011 | 900 |
| 2 | भारतीय स्टेट बैंक | 16.11.2011 | 1400 |
| 3 | बैंक ऑफ बड़ौदा | 04.01.2012 | 900 |
| 4 | केनरा बैंक | 06.01.2012 | 2000 |
| 5 | स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद | 28.01.2012 | 600 |
| 6 | विजय बंक | 23.01.2012 | 250 |
| 7 | विजय बंक | 31.01.2012 | 400 |
| 8 | विजय बंक | 02.02.2012 | 100 |
| 9 | आईडीबीआई बैंक | 14.02.2012 | 250 |
| 10 | कॉरपोरेशन बैंक | 11.02.2012 | 250 |
| 11 | इलाहाबाद बैंक | 21.02.2012 | 100 |
| 12 | इलाहाबाद बैंक | 20.03.2012 | 300 |
| 13 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 23.02.2012 | 50 |
| 14 | विजय बंक | 24.02.2012 | 125 |
| 15 | विजय बंक | 29.02.2012 | 200 |
| 16 | विजय बंक | 05.03.2012 | 100 |
| 17 | केनरा बैंक | 12.03.2012 | 900 |
| 18 | आईडीबीआई बैंक | 21.03.2012 | 400 |
| 19 | केनरा बैंक | 22.03.2012 | 2000 |
| 20 | सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 26.03.2012 | 200 |
| 21 | स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर | 27.03.2012 | 1000 |
| 22 | कॉरपोरेशन बैंक | 28.03.2012 | 300 |
| | सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कुल | | **12725** |
| | **निजी क्षेत्र के बैंक** | | |
| 1 | यस बैंक | 24.11.2011 | 100 |
| 2 | इंडसइंड बैंक | 22.03.2012 | 100 |
| 3 | जम्मू और कश्मीर बैंक | 29.03.2012 | 100 |
| | निजी क्षेत्र के बैंकों के पास कुल | | **300** |
| | सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास% | **98%** | |
| | निजी क्षेत्र के बैंकों के पास% | **2%** | |

**अनुलग्नक-lख**

## वर्ष 2012-13 के दौरान बैंकों के पास पड़े अधिशेष नकद जमा

| क्र सं. | बैंक का नाम | जमा की तारीख | राशि करोड़ रू. |
|---|---|---|---|

**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय स्टेट बैंक | 09.04.2012 | 105 |
| 2 | भारतीय स्टेट बैंक | 10.04.2012 | 35 |
| 3 | भारतीय स्टेट बैंक | 11.04.2012 | 90 |
| 4 | भारतीय स्टेट बैंक | 16.04.2012 | 50 |
| 5 | भारतीय स्टेट बैंक | 20.04.2012 | 20 |
| 6 | भारतीय स्टेट बैंक | 26.05.2012 | 60 |
| 7 | भारतीय स्टेट बैंक | 28.05.2012 | 60 |
| 8 | भारतीय स्टेट बैंक | 29.05.2012 | 155 |
| 9 | भारतीय स्टेट बैंक | 30.08.2012 | 200 |
| 10 | भारतीय स्टेट बैंक | 23.01.2013 | 100 |
| 11 | भारतीय स्टेट बैंक | 24.01.2013 | 100 |
| 12 | भारतीय स्टेट बैंक | 28.01.2013 | 100 |
| 13 | भारतीय स्टेट बैंक | 30.01.2013 | 100 |
| 14 | भारतीय स्टेट बैंक | 31.01.2013 | 400 |
| 15 | केनरा बैंक | 22.03.2013 | 500 |
| 16 | केनरा बैंक | 22.03.2013 | 1400 |
| 17 | केनरा बैंक | 23.03.2013 | 500 |
| 18 | बैंक ऑफ बड़ौदा | 28.03.2013 | 1000 |
| | सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कुल | | **4975** |

| | |
|---|---|
| सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास% | **100%** |
| निजी क्षेत्र के बैंकों के पास% | **0%** |

**अनुलग्नक-Iग**

**वर्ष 2013-14 के दौरान बैंकों के पास पड़े अधिशेष नकद जमा**

| क्र सं. | बैंक का नाम | जमा की तारीख | राशि करोड़ रू. |
|---|---|---|---|

**<u>सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय स्टेट बैंक | 31.08.2013 | 500 |
| 2 | यूको बैंक | 06.09.2013 | 1050 |
| 3 | विजय बंक | 12.09.2013 | 500 |
| 4 | पंजाब एंड सिंध बैंक | 12.09.2013 | 1000 |
| 5 | विजय बंक | 13.09.2013 | 500 |
| 6 | विजय बंक | 16.09.2013 | 550 |
| 7 | आईडीबीआई बैंक | 21.03.2014 | 500 |
| 8 | आईडीबीआई बैंक | 21.03.2014 | 500 |
| 9 | आईडीबीआई बैंक | 21.03.2014 | 500 |
| 10 | पंजाब एंड सिंध बैंक | 21.03.2014 | 500 |
| 11 | पंजाब एंड सिंध बैंक | 25.03.2014 | 500 |
| | सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कुल | | **6600** |

| | |
|---|---|
| सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास% | **100%** |
| निजी क्षेत्र के बैंकों के पास% | **0%** |

**अनुलग्नक-।घ**

## वर्ष 2014-15 के दौरान बैंकों के पास पड़े अधिशेष नकद जमा

| क्र सं. | बैंक का नाम | जमा की तारीख | राशि करोड़ रू. |
|---|---|---|---|

**निजी क्षेत्र के बैंक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आईडीबीआई बैंक | 18.03.2015 | 500 |
| 2 | आईडीबीआई बैंक | 19.03.2015 | 500 |
| 3 | आईडीबीआई बैंक | 20.03.2015 | 500 |
| 4 | आईडीबीआई बैंक | 21.03.2015 | 500 |
| | निजी क्षेत्र के बैंकों के पास कुल | | **2000** |

| | |
|---|---|
| सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास% | **100%** |
| निजी क्षेत्र के बैंकों के पास% | **0%** |

******